दिन— शुक्रवार    दिनांक— 18 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।    अवधिः— 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला संवाद अभियान की शुरुआत की। दो महीने तक चलने वाले कार्यक्रम में राज्य के अधिकारी दो करोड़ महिलाओं के साथ संवाद करेंगे।

02. विश्व धरोहर दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बिहार संग्रहालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन।

03. प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा— दूरदर्शन और आकाशवाणी कार्यक्रमों की गुणवत्ता और तकनीक पर विशेष ध्यान दे रहा है।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के पन्द्रह से अधिक जिलों में तेज आंधी और गरज के साथ बारिश को लेकर चेतावनी जारी की। काल वैशाखी के प्रभाव से कई स्थानों पर वज्रपात की आशंका।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना से महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रामीण विकास विभाग के इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण करना है। महिला संवाद के दौरान महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस अभियान के तहत दो करोड़ महिलाओं से सीधा संवाद का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति उनकी अपेक्षाओं की भी जानकारी ली जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह अभियान अगले दो महीने तक जारी रहेगा।

———बाइट———

महिला संवाद कार्यक्रम के जरिये सरकार दो करोड़ महिलाओं का फीडबैक और सुझाव प्राप्त करेगी। सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से जानने का प्रयास करेगी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के दो दशक के कार्यकाल के दौरान इसके कार्यक्रमों, पहल और योजनाओं से महिलाओं को कितना लाभ पहुंचा है। संवाद के इस कार्यक्रम में प्रतिदिन करीब 1200 कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य है। अभियान के दौरान महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं के उत्थान के लिए किये गये कार्य के बारे में भी लोगों को बताया जायेगा। पूर्ण शराबबंदी के सामाजिक लाभ, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण और स्वयं सहायता समूह के जीविका मॉडल पर भी चर्चा होगी। एक लाख 35 हजार जीविका स्वयं सहायता समूहों से भी संवाद किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि संवाद कार्यक्रम के तहत राज्य के सत्तर हजार टोलों में लगभग दो करोड़ महिलाओं से सवांद किया जायेगा। श्री चौधरी ने कहा कि इस पहल से महिलाओं के उत्थान में मदद मिलेगी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के शहीद वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में तेईस अप्रैल को आयोजित होनेवाले वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने जे०पी० गंगा पथ के पास आयोजित होने वाले एयर शो कार्यक्रम की तैयारियों का भी जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि पटना में पहली बार शौर्य दिवस पर सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और हॉक–132 जेट विमानों के द्वारा एयर शो का आयोजन किया जायेगा।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि मोदी सरकार ने राष्ट्रहित में वक्फ कानून पारित किया है। श्री सिन्हा ने कहा कि वक्फ कानून गरीब मुसलमानों के हित में है। उन्होंने कहा कि इस कानून से भू माफियाओं पर लगाम लगेगी।

———बाइट———

---

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर नेशनल हेराल्ड मामलें में ईडी की चार्जशीट के खिलाफ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज पटना सहित प्रदेश के कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इस मामले पर कहा कि एक लोकतांत्रिक देश मे कोई भी व्यक्ति कानून और संविधान से ऊपर नहीं है।

———बाइट———

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा, सेक्युलर के संरक्षक जीतनराम मांझी ने आरोप लगाया है कि महागठबंधन में सब मुख्यमंत्री बनना चाहते है। तेजस्वी यादव को महागठबंधन का समन्वयक बनाये जाने पर श्री मांझी ने कहा कि अभी तक विपक्षी दल मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं कर पाया है।

———बाइट———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और पार्टी के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि राजद नेता तेजस्वी यादव को अपने पिता के शासनकाल में राज्य की खराब विधि व्यवस्था पर भी बयान देना चाहिए। श्री कुमार ने आरोप लगाया कि राजद के शासनकाल में अपराधियों को हमेशा संरक्षण दिया गया।

———बाइट———

---

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम है– विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट। यह दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए प्रति वर्ष अठारह अप्रैल को मनाया जाता है। इस अवसर पर कला, संस्कृति और युवा विभाग की ओर से प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पटना में मुख्य काय्रक्रम का उद्घाटन विभाग के मंत्री मोती लाल प्रसाद और बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने की। इधर, बिहार विरासत विकास समिति की ओर से पटना के गोलघर से बुद्ध स्मृति पार्क तक विरासत पदयात्रा निकाली गई।

---

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि दूरदर्शन और आकाशवाणी कार्यक्रमों की गुणवत्ता और तकनीक पर विशेष ध्यान दे रहा है। आकाशवाणी पटना में एक समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने यह बात कही।

———बाइट———

श्री सहगल ने कहा कि प्रसार भारती का वेव्स ओ.टी.टी प्लेटफॉर्म तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

———बाइट———

इससे पूर्व पटना पहुंचने पर एयरपोर्ट पर आकाशवाणी के उप निदेशक अजय कुमार और सीबीएस के प्रमुख अनिल कुमार ने प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल का स्वागत किया।

---

निर्वाचन आयोग द्वारा बूथ लेवल एजेंट के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। विभिन्न राजनीतिक दलों ने इस कार्यक्रम को काफी सार्थक बताया है। उनका कहना है कि आगामी विधान सभा चुनाव में इससे चीजों को समझने में काफी सहायता मिलेगी।

———बाइट———

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान नालंदा, समस्तीपुर, जमुई, सहरसा, सीतामढी, कटिहार और किशनगंज सहित पन्द्रह जिलों में वज्रपात के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने बताया है कि इस दौरान तेज हवा भी चल सकती है।

———बाइट———

---

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में यह मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लेते हैं। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में रविवार

से ईस्टर समारोह शुरू हो जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण किया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है कि हम सभी को ईसा मसीह द्वारा बताये गए जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु के बताये मार्ग के अनुसरण से मानव समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। इधर, इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

---

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च मार्ग संख्या सत्ताईस पर एक तेज रफ्तार बस की ट्रक से टक्कर में बीस यात्री घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए फारबिसगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

सीतामढ़ी जिले में बागमती नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला संवाद अभियान की शुरुआत की। दो महीने तक चलने वाले कार्यक्रम में राज्य के अधिकारी दो करोड़ महिलाओं के साथ संवाद करेंगे।

02. विश्व धरोहर दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बिहार संग्रहालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन।

03. प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा– दूरदर्शन और आकाशवाणी कार्यक्रमों की गुणवत्ता और तकनीक पर विशेष ध्यान दे रहा है।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के पन्द्रह से अधिक जिलों में तेज आंधी और गरज के साथ बारिश को लेकर चेतावनी जारी की। काल वैशाखी के प्रभाव से कई स्थानों पर वज्रपात की आशंका।

---

**समाप्त**